पटना नगर निगम
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

सेवा हि धर्मः
१६५२
पटना कारपोरेशन
CITY OF PATNA

M-V-138-118/2025

Letter No./ पत्रांक: 1154

Date / दिनांक 16/01/2026

1

Patna Municipal Corporation
Date: 16-01-2026
2026201154

दिनांक-10.05.2025 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 14वीं साधारण बैठक माननीया महापौर, श्रीमती सीता साहू की अध्यक्षता में हुई, जिसमें निम्नांकित माननीया / माननीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया,जिसकी उपस्थिति निम्न प्रकार है :-

1. **श्रीमती सीता साहू** - **महापौर, पटना नगर निगम।**
2. श्रीमती रेशमी कुमारी - उप-महापौर, पटना नगर निगम।
3. श्रीमती श्वेता राय - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
4. श्रीमती कावेरी सिंह - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
5. श्री आशीष कुमार सिन्हा - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
6. श्री इन्द्रदीप कुमार चन्द्रवंशी - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।
7. श्री बिनोद कुमार - सदस्य, सशक्त स्थायी समिति।

निगम प्रशासन

1. **श्री अनिमेष कुमार पराशर, भा.प्र.से.** - **नगर आयुक्त, पटना नगर निगम**
2. श्री राजन सिन्हा(बि.पु.से.) - अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम
3. श्री रामाशीष शरण तिवारी - उप-नगर आयुक्त-सह-नगर सचिव।
4. श्री प्रभात रंजन - कार्यपालक पदाधिकारी, नू0रा0अं0
5. श्रीमती पुण्य तरू - कार्यपालक पदाधिकारी, पा0पु0अं0
6. श्री गंगा कान्त ठाकुर - कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल
7. सुश्री श्रेया कश्यप - कार्यपालक पदाधिकारी, अजीमाबाद अंचल
8. श्री आशुतोष कुमार - कार्यपालक पदाधिकारी, पटना सिटी अंचल
9. श्री सुशील कुमार झा - निदेशक, शहरी योजना, पटना नगर निगम
10. श्री बिन्दु रजक - मुख्य नगर अभियंता, पटना नगर निगम
11. श्री अनिल कुमार - कार्यपालक अभियंता, मुख्याल/जलापूर्ति शाखा
12. श्री विभूति चन्द्र - कार्यपालक अभियंता, बॉकीपुर प्रमंडल
13. श्री राम स्वरूप प्रसाद - कार्यपालक अभियंता, पटना सिटी प्रमंडल
14. श्री बब्लु कुमार गुप्ता - कार्यपालक अभियंता, विद्युत
15. श्री अवधेश कुमार सिंह - निजी सहायक
16. श्री विलास मांझी - निजी सहायक



महापौर सीता साहू
पटना नगर निगम

**अध्यक्ष :-** बैठक में उपस्थित उप-महापौर, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्य, नगर आयुक्त एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों का मैं स्वागत करती हूँ। बैठक की कार्यवाही शुरू की जाय।

**नगर आयुक्त :-** माननीया महापौर,उप-महापौर, सशक्त स्थायी समिति के सभी सदस्यों तथा पदाधिकारियों का हार्दिक स्वागत है।
नगर सचिव, कार्यसूची को पढ़ें।

**मद संख्या-01 :-** **दिनांक-31.01.2025 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 13वीं साधारण बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि।**

**नगर आयुक्त :-** सम्पुष्टि के संबंध में कुछ सुझाव है, मेरे समक्ष दिनांक-31.01.2025 का जो कार्यवाही उपस्थापित किया गया था। वह सही था, लेकिन माननीया महापौर के अनुमोदन के बाद जो कार्यवाही देखने को मिला, उसमें काफी परिवर्तन देखा गया है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। सशक्त स्थायी समिति पावर फुल बॉडी है। उसके निर्णय को परिवर्तन करने का अधिकार निगम पर्षद की सहमति से ही हो सकता है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी:-** मैं माननीया अध्यक्ष महोदया के माध्यम से कहना चाहता हूँ कि कार्यवाही सम्पुष्टि के लिए आया है। कार्यवाही को सम्पुष्ट किया जाय।

**श्रीमती कावेरी सिंह :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ, कार्यवाही को सम्पुष्ट किया जाय।

**श्रीमती श्वेता राय :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, कार्यवाही को सम्पुष्ट किया जाय।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, कार्यवाही को सम्पुष्ट किया जाय।

**नगर आयुक्त :-** नगर सचिव को सभी एजेंसी के सेवा विस्तार से संबंधित संचिका/संलेख भेजा गया था, जिनका कार्य समाप्त हो गया है या होने वाला है। उनका संलेख बैठक में नहीं आया।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा:-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से नगर आयुक्त साहब को बताना चाहता हूँ कि निगम में मैन पावर की कमी है,

महापौर
पटना नगर निगम

जिसकी पूर्ति एजेंसी के माध्यम से किये जाने की आवश्यकता है। सी0ए0 टीम का भी कार्यकाल समाप्त हो गया है।

**नगर आयुक्त** :- कई एजेंसियों की सेवा विस्तार अवधि समाप्त हो गयी है। लेखा कार्य के लिए महालेखाकार से पदाधिकारी की मांग की गयी है। पटना नगर निगम में लेखा कार्यो में सहयोग प्रदान करने हेतु सी0ए0 टीम का चयन पूर्व में किया गया था, जिसकी सेवा अवधि समाप्त हो गयी है तथा विगत सशक्त स्थायी समिति में दिनांक-30.04.2025 तक सेवा विस्तार का निर्णय लिया गया था। लेखा कार्य के लिए महालेखाकार से पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मांग की गयी है। उन लोगों की सेवा प्राप्त होने के पश्चात सी0ए0 टीम को कार्य से विमुक्त कर दिया जाएगा। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना से एक पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें सफाई से संबंधित एजेंसियों के चयन के संबंध में मार्ग दर्शन दिया गया है।

माननीया महापौर महोदया, बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 एवं कार्य संचालन नियमावली,2010 के तहत कार्य को दो पार्ट में बनाया गया है। संलेख नगर आयुक्त के तरफ से माननीया महापौर को भेजा जाएगा, जिसपर अनुमोदन के बाद संलेख कार्य सूची में शामिल किया जाएगा।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया/नगर आयुक्त महोदय, मेरा मानना है कि बैठक में महापौर और नगर आयुक्त एक साथ बैठेंगे तभी कार्य सफल होगा।

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, संलेख नहीं आने के कारण आज 03 माह से बैठक नहीं हो पा रही है। जिसके कारण जनहित का कार्य नहीं हो पा रहा है।

**उप-महापौर** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मेरे यहाँ भाड़े की गाड़ी दिया गया है। एक दिन वाहन दुर्घटना होते-होते बच गयी। जिस एजेंसी द्वारा गाड़ी उपलब्ध कराया गया है, उसे अतिशीघ्र नयी गाड़ी उपलब्ध कराने का आदेश दिया जाय अन्यथा नयी एजेंसी का चयन किया

महापौर
पटना नगर निगम

जाय। महापौर एवं उप-महापौर के वाहन में जी0पी0एस0 लगा हुआ है। जिसे हटाने की कार्रवाई की जाय।

**नगर आयुक्त** :- वाहन पदाधिकारी, महापौर एवं उप-महापौर के वाहन से जी0पी0एस0 को हटा दें। दो दिनों के अन्दर नयी गाड़ी उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जाय।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वाहन एजेंसी का मोनोपोली है उनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। लेकिन पदाधिकारी के वाहनों में जरा सी भी खरांच आ जाती है तो एजेंसी वाले तुरंत ठीक करा देते है, वहीं महापौर और उप-महापौर के वाहनों के ठीक करने में कई दिन लग जाते है। मुझे लगता है कि पुरानी एजेंसी को हटा कर नई एजेंसी को रखने की कार्रवाई करना उचित होगा।

**नगर आयुक्त** :- वाहन पदाधिकारी महापौर एवं उप-महापौर के वाहन का रख-रखाव अप टू डेट रहना चाहिए।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा** :- आर0ए0 टीम की सेवा अवधि समाप्त हो गयी है। मेरा सुझाव है कि एक दो कर्मचारी जो काम करने वाले हैं, उन्हें रखा जाय।

**प्रस्ताव संख्या-385** :- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक-31.01.2025 को आहूत सशक्त स्थायी समिति की 13वीं साधारण बैठक की कार्यवाही को सम्पुष्ट किया जाता है।**

**मद संख्या-02** :- **सफाई कार्य में कार्यरत वाहनों के रख-रखाव के संबंध में।**

अध्यक्ष :- सफाई कार्य में कार्यरत वाहनों के रख-रखाव का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- पटना नगर निगम के छः अंचलों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य में संबद्ध वाहनों में से 158 जर्जर वाहनों की सूची सभी अंचलों से प्राप्त की गयी है। मोटर यान निरीक्षक, पटना के द्वारा 158 जर्जर वाहनों में से 152 वाहनों को रद्दी (Condemn)घोषित किया गया है एवं नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य 82.56 लाख रू0 निर्धारित की गयी है। नीलामी की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

महापौर
पटना नगर निगम

**डा0 आशीष कु0 सिन्हाः-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वर्तमान में सेक्टर में वाहनों की संख्या कम है। इसलिए जनहित में 152 रद्दी वाहनों के स्थान पर नये वाहनों का क्रय आवश्यक प्रतीत होता है ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से चलती रहे।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मेरे वार्ड के सफाई कार्य में कार्यरत वाहन 10 दिनों से खराब है। इसकी सूचना नगर प्रबंधक एवं कार्यपालक पदाधिकारी को दिया हूँ फिर भी गाड़ी की मरम्मति नहीं हो पाई है, जिसके कारण वार्ड से कचरे का उठाव नहीं हो पा रहा है।

**नगर आयुक्त :-** कार्यपालक पदाधिकारी, बाँकीपुर अंचल में 02 सफाई वाहन जो दुर्घटना के कारण थाने में पड़ा हुआ है, उसे छुड़ाकर वार्ड संख्या-48 में दे दें।

वाहनों की मरम्मति के लिए राशि सभी कार्यपालक पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे वाहनों की मरम्मति शीध्र हो सके।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-386:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना के पत्रांक-10528, दिनांक-19.11.2024 के आलोक में मोटर यान निरीक्षक द्वारा उपलब्ध कराये गये 158 वाहनों में से 152 वाहनों को रद्दी ( Condemn ) घोषित करते हुए न्यूनतम मूल्य 82.56 लाख रू0 निर्धारित की गयी है, निलामी की कार्रवाई करते हुए, उक्त वाहनों के स्थान पर 152 वाहनों के क्रय करने की स्वीकृति सशक्त स्थायी समिति द्वारा प्रदान करते हुए निगम पर्षद को अनुशंसित किया जाता है।**

**मद संख्या-03 :-** **वार्ड संख्या-21 स्थित अदालतगंज के इस्कॉन मंदिर प्रवेश द्वार में पेभर ब्लॉक लगाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

महापौर
पटना नगर निगम

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, यह पटना का एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, इसलिए लाया गया प्रस्ताव जनहित में है। इसकी स्वीकृति हेतु संलेख अगली बैठक में रखा जाय।

**मद संख्या-04 :-** **पटना नगर निगम क्षेत्र में वाल पेंटिंग हेतु स्थल की सूची, क्षेत्रफल एवं मापी के साथ उपलब्ध करायें।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है।

**नगर आयुक्त :-** पूर्व में पटना नगर निगम के द्वारा कई स्थलों पर वाल पेंटिंग कराया गया है। लोगों द्वारा इसकी काफी प्रशंसा की गई है तथा सरकार के स्तर से भी इस कार्य को सराहा जा रहा है। अतः निगम अन्य क्षेत्रों में भी वाल पेंटिंग कराने की आवश्यकता है, जिसके लिए सभी कार्यपालक पदाधिकारियों को स्थल चिन्हित कर सूची बनाने का निर्देश दिया गया है। यह सूची अगली बैठक के पूर्व उपलब्ध करा दी जाएगी।

**मद संख्या-05 :-** **वार्ड संख्या-57 स्थित अजीमाबाद कार्यालय के पूर्वी गेट के पास उच्च प्रवाही बोरिंग स्थापित करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है। अगली बैठक में संलेख उपस्थापित की जाय।

**मद संख्या-06 :-** **योग एवं प्राणायाम कार्य हेतु आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को जगह उपलब्ध कराने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** योग एवं प्राणायाम कार्य हेतु आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को जगह उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को योग एवं प्राणायाम कार्य हेतु जगह उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिससे निगम क्षेत्र में योग एवं प्राणायाम से लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का विकास हो सके। साथ ही नियमित व्यायाम से लोगों में तनाव भी कम होगा। अतः उक्त के आलोक में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को योग एवं प्राणायाम हेतु निगम क्षेत्र में भूखंड उपलब्ध कराने हेतु विचार-विमर्श एवं स्वीकृति हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

महापौर
पटना नगर निगम

डा0 आशीष कु0 सिन्हा:- माननीया अध्यक्ष महोदया, योग एवं प्राणायाम से नागरिकों में तनाव कम होगा और स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा। मेरा सुझाव है कि बड़हरवा घाट स्थित नगर निगम के भवन को इस कार्य के लिए दिया जा सकता है।

श्रीमती श्वेता राय :- माननीया अध्यक्ष महोदया, जिदंगी जीने के लिए योग एवं प्राणायाम अहम चीज है। संस्था को इस कार्य हेतु उपर्युक्त जगह उपलब्ध करायी जाय।

श्रीमती कावेरी सिंह :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या- 387:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था को योग एवं प्राणायाम के प्रशिक्षण हेतु बड़हरवा घाट स्थित निगम के भवन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

मद संख्या-07 :- **वार्ड संख्या-69 के अन्तर्गत भैसानी टोला, बड़ी बगीचा रेलवे लाईन के पश्चिम निगम भूखंड पर ओ0पी0साह सामुदायिक भवन के पीछे उच्च प्रवाही बोरिंग निर्माण के संबंध में।**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

मद संख्या-08 :- **वार्ड संख्या-07 के अन्तर्गत पटेल नगर में हाई यील्ड बोरिंग का निर्माण।**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

मद संख्या-09 :- **गाँधी सरोवर( मंगल तालाब ) के लिंक पथ रोड का नाम रेड क्रास सोसाईटी के नाम पर नामकरण करने के संबंध में।**

अध्यक्ष :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

महापौर
पटना नगर निगम

**नगर आयुक्त** :- अपर नगर आयुक्त, गाँधी सरोवर लिंग पथ रोड का नाम रेड क्रॉस सोसाईटी संस्था के नाम से नामकरण प्रस्ताव है, इसकी समीक्षा कर अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-10** :- **निगम क्षेत्र में चल रहे रैन बसेरों में नि:शुल्क रात्रि भोजन की व्यवस्था के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- निगम क्षेत्र में चल रहे रैन बसेरों में नि:शुल्क रात्रि भोजन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत पटना नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर ठंड के मौसम में गरीब एवं असहाय आश्रयविहीन व्यक्तियों के लिए रैन बसेरा के माध्यम से मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही हैं। इस क्रम में प्रत्येक व्यक्ति को नि:शुल्क रात्रि भोजन की व्यवस्था है। पत्रांक-19666, दिनांक-23.12.2024 के द्वारा मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका, बिहार, पटना के माध्यम से पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी छ: अंचलों में कुल 25 स्थानों पर दिनांक-24.12.2024 से दिनांक-28.02.2025 तक दीदी की रसोई द्वारा रैन बसेरों में रहने वाले आश्रयविहीन व्यक्तियों को नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था करायी गई है। इस प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति के समक्ष विचार-विमर्श एवं निर्णय हेतु रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीय अध्यक्ष महोदया, ठंड के मौसम में गरीबों एवं आश्रयविहीन लोगों को रैन बसेरों में रहने एवं उन्हें नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया है, जो गरीबों के हित में है। इस प्रस्ताव को पारित किया जा सकता है।

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीय अध्यक्ष महोदया, यह गरीब जनता के हित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जा सकता है।

**श्रीमती कावेरी सिंह** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह अच्छा प्रस्ताव है, इसे प्रारित किया जाय।

महापौर
पटना नगर निगम

**प्रस्ताव संख्या–388 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटना नगर निगम क्षेत्र के सभी छः अंचलों में कुल 25 स्थलों पर दिनांक–24.12.2024 से 28.02.2025 तक दीदी की रसोई द्वारा निःशुल्क रात्रि भोजन की व्यवस्था के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

**मद संख्या–11 :-** **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत हुडको से प्राप्त राशि के तहत सी0एस0आर0 मद से 100 वाटर ए0टीम0एम0 अधिष्ठापन एवं संचालन हेतु स्वीकृति के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** CSR से 100 अद्द Water Atm. अधिष्ठापन एवं संचालन का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आमजनों को ग्रीष्म काल में शुद्ध एवं स्वच्छ पानी उपलब्ध होने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। अतः इन परिस्थितियों को कम करने हेतु पटना नगर निगम के द्वारा एक प्रयास किया जाना है। जिसके अन्तर्गत न्यूनतम 100 अद्द **Water Atm.** निगम क्षेत्र में अधिष्ठापित करने का निर्णय लिया जा सकता है। यह **Water Atm.** हुडको से प्राप्त **CSR** मद से अधिष्ठापित किया जाएगा।

हुडको, **CSR** मद से प्राप्त राशि से न्यनूतम 100 अद्द Water Atm. अधिष्ठापित एवं संचालित करने का प्रस्ताव है।

जिसकी स्वीकृति एवं निर्णय हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, आये दिन बोरिंग फेल होने की शिकायते आते रहती है। ऐसी स्थिति में वाटर ए0टी0एम0 पेय जल की समस्या को दूर करेगा। मेरा सुझाव है कि जगह चिन्हित करते हुए **Water Atm.** लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की जा सकती है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य का प्रस्ताव स्वागतयोग्य है। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

महापौर
पटना नगर निगम

प्रस्ताव संख्या-389 :- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत हुडको से प्राप्त राशि से 100 अद्द वाटर ए0टी0एम0 अधिष्ठापन एवं संचालन के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए निगम पर्षद को अनुशंसित किया जाता है।**

**मद संख्या-12 :- वार्ड संख्या-58 के अन्तर्गत सिटी कोट स्थित सुलभ शौचालय की बन्दोबस्ती को रद्द करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- वार्ड संख्या-58 के अन्तर्गत सिटी कोट स्थित सुलभ शौचालय की बन्दोबस्ती को रद्द करने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- पटना नगर निगम क्षेत्र में एनर्जी इन्टर नेशनल मारूफगंज मंडी एवं वार्ड संख्या-58 के अन्तर्गत सिटी कोट स्थित सुलभ शौचालय के रख-रखाव एवं संचालन सुदृढ़ करने हेतु बन्दोबस्ती को रद्द करने का प्रस्ताव है, जिसपर निर्णय हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

इस शौचालय की स्थिति काफी दयनीय है। इसे तोड़कर नया बनाने का प्रस्ताव है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से नगर आयुक्त साहब को बताना चाहता हूँ कि मारूफगंज मंडी एवं सिटी कोट स्थित शौचालय को पूर्व के संवेदक द्वारा चलाया जा रहा है और शौचालय में जाने वाले व्यक्ति से वसूली भी कर रहा है। इससे निगम को भी कोई लाभ नहीं हो रहा है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, इस शौचालय की बन्दोबस्ती पूर्व में हुई है। और उसकी अवधि भी समाप्त हो गयी है। शौचालय की बन्दोबस्ती को रद्द करने की कार्रवाई की जाय।

प्रस्ताव संख्या- 390:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनर्जी इन्टर नेशनल, मारूफगंज मंडी एवं वार्ड संख्या-58 स्थित सिटी कोट सुलभ शौचालय की बन्दोबस्ती को रद्द करने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है। इसके स्थान पर आधुनिक शौचालय का निर्माण कराया जाय।**

महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-13 :-** **पटना नगर निगम के सभी स्त्रोतों से कितने राजस्व की प्राप्ति हुई है, पूर्ण विवरण के साथ, तथा राजस्व बढ़ाने हेतु क्या उपाय किये जा रहे हैं। पूर्ण विवरण के साथ उपस्थापित करें।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-14 :-** **01 जनवरी2023 से जनवरी,2025 तक व्यय का विवरण प्रस्तुत करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-15 :-** **वार्ड संख्या-14 के अन्तर्गत जर्जर सड़क एवं नाला निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-14 के अन्तर्गत जर्जर सड़क एवं नाला निर्माण कार्य की स्वीकृति पिछले बैठक में दी जा चुकी है।

**मद संख्या-16 :-** **वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत नाला रोड रामकृष्ण आश्रम में भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत नाला रोड रामकृष्ण आश्रम में भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** माननीय वार्ड पार्षद द्वारा आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वार्ड संख्या-42 में सड़क एवं नाला निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है जिसके आलोक में अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षणोपरांत प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है :-

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत नाला रोड रामकृष्ण आश्रम में भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 58,67,700.00 |

महापौर
पटना नगर निगम

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**डा0 आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह प्रस्ताव जनहित में है, इसे पारित किया जाय।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-391 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत नाला रोड स्थित रामकृष्ण आश्रम में भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण करने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्न प्रकार है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड संख्या-42 अन्तर्गत नाला रोड रामकृष्ण आश्रम में भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 पथ का निर्माण कार्य। | 58,67,700.00 |

**वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है।**

**मद संख्या-17 :-** **Construction of High Yield Tube well at old samudaik bhawan , samanpura in ward no-05**

**अध्यक्ष** :- Construction of High Yield Tube well at old samudaik bhawan , samanpura in ward no-05 का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम के वार्ड संख्या-05 में माननीया पार्षद द्वारा वहाँ के नागरिकों के पेय जल समस्या को ध्यान में रखते हुए बोरिंग कराने का अनुरोध किया गया है। उक्त अनुरोध के आलोक में संबंधित अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षणोपरांत प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है -

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **Construction of High Yield Tube well at old samudaik bhawan , samanpura in ward no-05** | 1,36,46,800.00 |

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

महापौर
पटना नगर निगम

**श्रीमती श्वेता राय** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह प्रस्ताव जनहित में है, इसे पारित किया जाय।

**श्रीमती कावेरी सिंह** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-392:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि Construction of High Yield Tube well at old samudaik bhawan , samanpura in ward no-05 के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए निगम पर्षद को अनुशंसित किया जाता है, जो निम्न प्रकार है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **Construction of High Yield Tube well at old samudaik bhawan , samanpura in ward no-05** | 1,36,46,800.00 |

**मद संख्या-18 :-** **Construction of High Yield Tube well at East of primary Health centre , loha ka pull kasba, patna city ward no-61**

अध्यक्ष :- **Construction of High Yield Tube well at East of primary Health centre , loha ka pull kasba, patna city ward no-61** का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** माननीया पार्षद वार्ड संख्या-61 द्वारा नागरिकों को पेय जल मुहैया कराने हेतु अनुरोध किया है, उनका कहना है कि यह ग्रामीण क्षेत्र जैसा है। उक्त योजना को संबंधित अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षणोपरांत प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है -

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **Construction of High Yield Tube well at East of primary Health centre , loha ka pull kasba, patna city ward no-61** | 1,36,46,800.00 |

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह प्रस्ताव जनहित में है, इसे पारित किया जाय।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**प्रस्ताव संख्या-393:-** सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि Construction of High Yield Tube well at East of primary Health centre , loha ka pull kasba, patna city ward no-61 के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान करते हुए निगम पर्षद को अनुशंसित किया जाता है, जो निम्न प्रकार है :-

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of High Yield Tube well at East of primary Health centre , loha ka pull kasba, patna city ward no-61 | 1,36,46,800.00 |

**मद संख्या-19 :- वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री रानी सती दादी जी के नाम से नामकरण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री रानी सती दादी जी के नाम से नामकरण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 13वीं साधारण बैठक में पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री रानी सती दादी जी मार्ग के नाम से नामकरण करने का प्रस्ताव है। पटना सिटी स्थित मिरचाई गली में श्री राणी सती दादी जी का एक बहुत पुराना मंदिर एवं प्रसिद्ध मंदिर है। मिरचाई गली के नाम से बहुत से भक्तगणों को नहीं मालुम चलता है कि यह मंदिर कहाँ पर स्थित है? अतः भक्तगणों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री राणी सती दादी जी मार्ग के नाम से नामकरण की स्वीकृति हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री बिनोद कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री राणी सती दादी जी मार्ग करने का प्रस्ताव है। सिटी स्थित राणी सती दादी जी के भक्तजनों का यह पुरानी मांग है। इस नामकरण के प्रस्ताव को पारित किया जाय।

महापौर
पटना नगर निगम

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, पूर्व में किसी ने मिरचाई गली का नाम व्यवसायिक क्षेत्र होने के कारण रख दिया है। अब इसका नाम श्री राणी सती दादी जी के नाम से नामकरण होने से भक्तजनों में काफी उत्साह होगा। इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-394:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत पटना सिटी स्थित मिरचाई गली का नाम श्री रानी सती दादी जी के नाम से नामकरण के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।**

**मद संख्या-20 :-** **वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत पटना सिटी, चौक स्थित मिरचाई घाट सम्पर्क पथ से श्री राणी सती मन्दिर से श्री छबिला यादव के मकान तक आर0सी0सी0 रोड एवं नाला का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-21:-** **वार्ड संख्या-66 के अन्तर्गत श्री श्याम इन्फोटेक कार्यालय से श्री विमल किशोर के घर तक आर0सी0सी0 नाला एवं सड़क का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-22 :-** Gratitude for Your continued Support and Request for collaboration inGangotsav 2025 and gangiyot marathon 2025.

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-23 :-** **वार्ड संख्या-65 के अन्तर्गत खाजेकलां पानी टंकी स्थित निगम भूमि (जलापूर्ति शाखा) के चाहरदीवारी एवं आधुनिक विवाह भवन निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-24 :-** **अजीमाबाद अंचल के बाहर आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-25 :-** **बेली रोड, शेखपुरा स्थित सब्जी बिक्रेताओं के लिए वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-26:-** **वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत कैमाशिको के दलित बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-27:-** **वार्ड संख्या-14 स्थित साधनापुरी, साईं मन्दिर के निकट आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-28 :-** **वार्ड संख्या-30 स्थित दशरथा स्थित निगम भूखंड पर आधुनिक वेंडिंग जोन का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-29 :-** **वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम से भवानी शारदालय होते हुए परमजीत सिंह के घर से रोड एवं नाला निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम से भवानी शारदालय होते हुए परमजीत सिंह के घर से रोड एवं नाला निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** माननीय पार्षद वार्ड संख्या-28 द्वारा आम लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सड़क एवं नाला निर्माण हेतु आवेदन दिया गया है, जिसके आलोक में संबंधित अभियंता द्वारा स्थल का निरीक्षण करते हुए प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है :-

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-28 में एक्जीबिशन रोड- KIA शो रूम से भवानी शारदालय होते हुए परमजीत सिंह जी के घर तक भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण।** | 37,35,100.00 |

सीता साहु
महापौर
पटना नगर निगम

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जा सकता है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव के पास होने इस क्षेत्र में जल-जमाव की समस्या से निजात मिलेगी। इसे पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-395:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम से भवानी शारदालय होते हुए परमजीत सिंह के घर से रोड एवं नाला निर्माण के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्न प्रकार है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-28 में एक्जीबिशन रोड- KIA शो रूम से भवानी शारदालय होते हुए परमजीत सिंह जी के घर तक भूगर्भ नाला एवं पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण।** | 37,35,100.00 |

**वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है।**

**मद संख्या-30 :- वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम के पास आर0सी0सी0 गेट का निर्माण।**

**अध्यक्ष** :- वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम के पास आर0सी0सी0 गेट का निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- पटना नगर निगम के बढ़ते हुए शहरीकरण एवं जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मौजूदा स्थिति में वार्ड संख्या-28 में किया शोरूम के पास आर0सी0सी0 गेट के निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस की गई है।

जिसके आलोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, **जिसकी विवरणी निम्नांकित है :-**

महापौर
पटना नगर निगम

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में KIA शोरूम के पास गेट का निर्माण कार्य।** | 3,90,000.00 |

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-28 के अन्तर्गत KIA शोरूम के पास आर0सी0सी0 गेट निर्माण का प्रस्ताव है। यह जनहित में है। इसे पारित किया जाय।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा** :- माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ इसे पारित किया जाय।

प्रस्ताव संख्या-396:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में किया शोरूम के पास आर0सी0सी0 गेट के निर्माण के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्न प्रकार है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-28 में एग्जीबिशन रोड में KIA शोरूम के पास गेट का निर्माण कार्य।** | **3,90,000.00** |

**वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है।**

मद संख्या-31 :- **स्वतंत्रता सेनानी, निःशुल्क चिकित्सक डा0 देवकीनन्द सिंह के नाम पर पहाड़पुर रोड का नाम डा0 देवकी पथ के नाम से नामकरण के संबंध में।**

**अध्यक्ष** :- इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

(हस्ताक्षर)
महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-32 :-** **वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत नुरूद्दीगंज स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगवाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** नुरूद्दीगंज स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी प्रांगन में पेवर्स ब्लॉक लगवाने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** माननीय पार्षद वार्ड संख्या-70 द्वारा नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नुरूद्दीगंज स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगवाने का अनुरोध किया गया है।

स्थल के जाँचोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जो निम्नवत् है :-

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **S/R to Pavers Work in the campus of sri Ram Janki Thakurbari, at Nurruddin Ganj Under Ward No-70 PMC, Patna for the year 2024-25** | 8,70,097.00 |

वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है। अतएव उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

प्रस्ताव संख्या-397:- **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत नुरूद्दीगंज स्थित श्री राम-जानकी ठाकुरबाड़ी प्रांगन में पेवर्स ब्लॉक लगवाने के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्न प्रकार है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | **S/R to Pavers Work in the campus of sri Ram Janki Thakurbari, at Nurruddin Ganj Under Ward No-70 PMC, Patna for the year 2024-25** | 8,70,097.00 |

**वर्णित योजना का तकनीकी अनुमोदन सक्षम प्राधिकार से प्राप्त है।**

मद संख्या-33 :- **वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत नुरूद्दीगंज स्थित शिव मंदिर एवं भारत मंदिर विकास परिषद् के प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगवाने के संबंध में।**

महापौर
पटना नगर निगम

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत नुरूद्दीगंज स्थित शिव मंदिर एवं भारत मंदिर विकास परिषद् के प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगवाने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**श्रीमती कावेरी सिंह :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, वार्ड संख्या-70 में पेभर कार्य होना है, जिसकी प्राक्कलित राशि 6,70,250 रू0 मात्र की है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति एवं निधि आवंटन का प्रस्ताव है, जिसकी स्वीकृति दी जा सकती है।

**श्रीमती श्वेता राय :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय सदस्य के प्रस्ताव से सहमत हूँ। इसकी स्वीकृति दी जा सकती है।

**प्रस्ताव संख्या-398:-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत नुरूद्दीगंज स्थित शिव मंदिर एवं भारत मंदिर विकास परिषद् के प्रांगण में पेवर्स ब्लॉक लगवाने के प्रशासनिक एवं निधि आवंटन के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है :-**

| क्र0 | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि |
|---|---|---|
| 1 | **Pavers works in the campus of shiv mandir & Bharat Mandir vikash parishad at nuruddin Ganj under ward no-70 PMC, Patna for the year 2024-2025** | 6,70,250/- |

**मद संख्या-34 :-** **एनर्जी इन्टरनेशनल,मारूफगंज मंडी में चल रहे शौचालय के बन्दोबस्ती को रद्द करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस मद की स्वीकृति मद संख्या-12 में प्रस्ताव संख्या-390 में लिया गया है।

**मद संख्या-35 :-** **वार्ड संख्या-52 के अन्तर्गत राजा घाट पर डीलक्स शौचालय बनाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**मद संख्या-36 :-** **वार्ड संख्या-62 अन्तर्गत आर0ओ0बी0 के नीचे डीलक्स शौचालय का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-37 :-** **वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत दाहुचक नगला स्लम कॉलनी में सामुदायिक भवन बनाने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** वार्ड संख्या-70 में सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत वार्ड संख्या-70 में आमलोगों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सामुदायिक हॉल का निर्माण किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है। इसका निर्माण होने से लोगों की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति संभव हो सकेगी। इसी परिप्रेक्ष्य में संबंधित अभियंताओं द्वारा स्थल निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसकी विवरणी निम्न है :-

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| 1 | Construction of Community Hall Dahuchak nagla Gabda Par in Ward no-70 Under Patna city Division, Pmc Patna | 64,58,389.00 |

अत: उक्त के आलोक में वर्णित योजना की कुल प्राक्कलित राशि 64,58,389.00 रू0 मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री मनोज कुमार :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, यह जनहित का प्रस्ताव है, इसे पारित किया जाय।

**श्री इन्द्रदीप कु0 चन्द्रवंशी :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव को पारित किया जाय।

**प्रस्ताव संख्या-399 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वार्ड संख्या-70 अन्तर्गत दाहुचक नगला स्लम कॉलनी में सामुदायिक भवन बनाने के प्रशासनिक स्वीकृति के प्रस्ताव को सशक्त स्थायी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है, जो निम्नवत् है :-**

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|
| **1** | **Construction of Community Hall Dahuchak nagla Gabda Par in Ward no-70 Under Patna city Division, Pmc Patna** | **64,58,389.00** |

**मद संख्या-38 :-** **रामाचक बैरिया अवस्थित डंम्पिंग यार्ड पर एकत्रित सम्पूर्ण Waste का निस्तारण हेतु निर्णय लिये जाने पर विमर्श के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** रामाचक बैरिया अवस्थित डंम्पिंग यार्ड पर एकत्रित सम्पूर्ण Waste का निस्तारण हेतु निर्णय लिये जाने का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त :-** विभागीय स्तर पर चयनित एजेंसी के द्वारा दिनांक-09.02.2025 को रामाचक बैरिया अवस्थित डंपिग यार्ड पर एकत्रित सम्पूर्ण Waste का ड्रोन से सर्वे कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है, जिसमें Fresh Waste, Legacy waste एवं Processing RDF शामिल है।

15वें वित्त आयोग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए SWM मद में माह जनवरी 2025 में आवंटन प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त के आलोक में अग्रेतर निर्णय हेतु सशक्त स्थायी समिति के समक्ष रखा गया है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, रामाचक बैरिया के Fresh Waste, Legacy waste एवं Processing RDF का सर्वे ड्रोन के माध्यम से कराया गया है। यह पता नहीं चलता है कि जो संलेख उपस्थापित किया गया है, वह किस प्रकार के कचरे के लिए है? क्या चयनित एजेंसी Fresh Waste, Legacy waste एवं Processing RDF तीनों पर कार्य करेगा। मेरा कहना है कि कचरा हटाने का कार्य तेजी से हो।

**नगर आयुक्त :-** वहाँ लगभग 15-20 एकड़ जमीन खाली करा दिया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए Legacy waste निस्तारण का कार्य अगले वर्ष तक पूरा हो जाएगा।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** माननीया अध्यक्ष महोदया, NACOF और Ecotan Infra Pvt. Ldt. दोनों मिलकर कार्य करेंगे।

**अपर नगर आयुक्त :-** Legacy Fresh Waste, एवं Processing RDF पर NACOF और Ecotan Infra Pvt. दोनों मिलकर कार्य करेंगे।

महापौर
पटना नगर निगम

**नगर आयुक्त :-** रामाचक बैरिया में तीनों तरह के Fresh Waste, Legacy waste एवं Processing RDF तीनों पर कार्य होना है।

दो एजेंसी जो पूर्व से कार्य कर रहें थे। उन्हें कार्य मुक्त कर दिया गया है।

**अपर नगर आयुक्त :-** दोनों एजेंसी के बकाये की राशि का भुगतान कर दिया गया है एवं निगम में उसका कोई बकाया नहीं है।

**श्री आशीष कु0 सिन्हा :-** नगर आयुक्त साहब जिन-जिन एजेंसी को कार्य मुक्त कर दिया गया है और राशि का भुगतान भी कर दिया गया है, तो उन एजेंसी से लिखित रूप से आवेदन लेना चाहिए कि हम कार्य करने में असमर्थ थे। इस आशय की लिखित सूचना अगली बैठक में संलेख के साथ उपस्थापित किया जाय, ताकि भविष्य में एजेंसी न्यायालय की शरण में न जा सके।

**प्रस्ताव संख्या- 400 :-** **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रामाचक बैरिया स्थित डम्पिंग यार्ड में Fresh Waste, Legacy waste एवं Processing RDF तीनों पर कार्य किया जाएगा एवं जिन एजेंसी को कार्य मुक्त किया गया है, उससे लिखित आवेदन प्राप्त किया जाएगा की स्वीकृति सशक्त स्थायी समिति द्वारा प्रदान की जाती है।**

**मद संख्या-39 :-** **दीघा रोड, घुड़दौड़ से अस्सी अस्पताल के पश्चिम ज्ञान निकेतन गर्ल्स स्कूल तक सड़क का नाम आचार्य किशोर कुणाल के नाम से नामकरण करने के संबंध में।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-40 :-** **वार्ड संख्या-67 के अन्तर्गत कंचन महाराज के घर से श्रीमती राधिका देवी संस्कृत स्कूल तक पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला का निर्माण।**

**अध्यक्ष :-** इस आशय का संलेख अप्राप्त है, संलेख अगली बैठक में रखें।

**मद संख्या-41 :-** **पटना नगर निगम के विभिन्न वार्डो में जलापूर्ति पाईप लाईन के विस्तार के संबंध में सूची संलग्न।**

सीता साहू
महापौर
पटना नगर निगम

**अध्यक्ष** :- जलापूर्ति पाईप लाईन विस्तार का प्रस्ताव है, स्पष्ट करें।

**नगर आयुक्त** :- विभिन्न वार्डो में जलापूर्ति पाईप लाईन विस्तार का प्रस्ताव है, जिसकी सूची निम्नवत् है :-

| क्र0 | वार्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 08 | Laying D.I. Pipe Line in Road No.05 Jamuna Nagar Phul Chandra House at Ward No.08 | 14,90,800/- |
| 2 | | Laying D.I. Pipe Line in V.N. Thakur Chauk Shriya Utsav Hall Road No.07 and Road No.06 at Ward No.08 | 14,81,300/- |
| 3 | 15 | Laying HDPE Pipe line in South Side Yogiya Toli Malti BhawanTo Ram Jatan Singh Lane Tara Sweet Gali and Naresh Shao Gali and House to House Connection in Ward No.15 | 29,25,800/- |
| 4 | 18 | Laying Water Supply Pipe line in Abhishek Coaching to Ex parshad Baleshwar Singh House Purandarpur Post Office Gali & House to House Connection in Ward No.18 | 60,69,500/- |
| 5 | | Laying Water Supply Pipe line in Subodh Ji House to Laxmi Market B.K. Data lane Shri Ram path House to House Connection in Ward No.18 | 41,06,800/- |
| 6 | 19 | Laying Water Supply pipe line in Agrawal Press Gali Mithapur Sabji Mandi South Area Verma Sell Gali House to House Connection in Ward No.19 | 26,52,100/- |
| 7 | 22 | Laying Water Supply Pipe line in Anugrah Narayan Road Mainpura and House to House Connection in Ward No.22 | 11,04,200/- |
| 8 | | Laying C.I Pipe Line in Rajapur Gate No.31to 41 in Ward No.22 | 38,07,800/- |
| 9 | 26 | Laying Water Supply Pipe line in Umesh Niwas to Nand Lal Bhawan and Late Jawala Babu House to Sonal Ji House and House to House Connection in Ward No.26 | 14,02,900/- |
| 10 | | Laying Water Supply Pipe line in dakshini Mandiri, Kath ka pul Durga Mandir Late Parmanand Rai to Bhikhan Rai House to House Connection in Ward No.26 | 36,68,700/- |
| 11 | | Laying Water Supply Pipe line in Navin Chandra Gali to Nala Mandiri Math Arvind Ji House to Kallu Ji House Ward No.26 | 21,99,900/- |
| 12 | | Laying Water Supply Pipe line in Basghat Kali Mandir to Dr. Akhilanand Singh Puspanjali Apartment to Rabindra Prasad house Ward No.26 | 56,19,800/- |
| 13 | 27 | Laying Water Supply Pipe line in Mitra Pustakalay Gali Satgharwa Anil Rajak to Ganesh Sharma House to Brajesh Kirana to Ramashish Paswan House and House to House Connection Ward No.27 | 12,71,400.00 |
